संख्या- 100/2017/2606/33-3-2017-100(17)/2015

प्रेषक ,

जोगेन्द्र प्रसाद
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज,
उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 09 नवम्बर,2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 (अनुसूचित जाति) आयोजनागत मद में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत राज्य स्तर से केन्द्रांश रू. 12600.00 लाख एवं राज्यांश रू. 8400.00 लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू. 21000.00 लाख की अवमुक्त धनराशि के आदेश को निरस्त किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-92/2017/2363 /33-3-2017-100(16)/2015 दिनांक 12.10.2017 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश् हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय- व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 89300.00 लाख की धनराशि के सापेक्ष केन्द्रांश प्राप्त होने की प्रत्याशा में केन्द्रांश रू. 12600.00 लाख एवं राज्यांश रू. 8400.00 लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू. 21000.00 लाख (रू0 दो अरब दस करोड मात्र) की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। वित्त विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की वित्तीय स्वीकृतियां केन्द्रांश प्राप्त हो चुकने के उपरान्त तथा प्राप्त केन्द्रांश की पुष्टि वित्त (केन्द्रीय सहायता) अनुभाग से प्राप्त करने के उपरान्त प्रशासकीय विभागों द्वारा जारी की जायेंगी। शासनादेश दिनांक 12.10.2017 द्वारा केन्द्रांश प्राप्ति की प्रत्याशा में रू. 21000.00 लाख निर्गत किया गया है।

2- अतः वित्त विभाग द्वारा दिए गए उक्त निर्देश एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 03.08.2017 के प्रस्तर-2(17) के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त उक्त शासनादेश दिनांक 12.10.2017 एतदद्वारा निरस्त किया जाता है।

भवदीय,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव।

संख्या तथा दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
2- वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं विशेष सचिव, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या-बी-1-1410/दस-2017-231/2017 दिनांक 03.11.2017 के संदर्भ में।
3- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0 इलाहाबाद।
4- समस्त जनपदों के जिलाधिकारी/कोषाधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी उ0प्र0।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ,लखनऊ।
7- एन0आई0सी0 की प्रति।
8- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-3/वित्त(बजट) अनुभाग-2
9- बजट प्रकोष्ठ /कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in